Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जयपुर में अग्निशमन अधिकारी, नगर पालिका–बगरू 50 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *05 सितम्बर, गुरूवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की जयपुर ग्रामीण इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **धर्मेन्द्र कुमार शर्मा अग्निशमन अधिकारी, नगर पालिका–बगरू, जिला जयपुर** को परिवादी से **50 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की जयपुर ग्रामीण इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी फैक्ट्री में हुई आगजनी की घटना का प्रमाण पत्र देने की एवज में आरोपी धर्मेन्द्र कुमार शर्मा अग्निशमन अधिकारी, नगर पालिका–बगरू, जिला जयपुर द्वारा **50 हजार रुपये** रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री कालूराम रावत** के सुपरवीजन में एसीबी की जयपुर ग्रामीण इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुनील सिहाग** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी धर्मेन्द्र कुमार शर्मा अग्निशमन अधिकारी, नगर पालिका–बगरू, जिला जयपुर को परिवादी से **50 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**